वीयू–माननीय पशु पालन एवं डेयरी राज्य मंत्री लाखन पटेल जी द्वारा विश्वविद्यालय का निरीक्षण

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में आज पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्य मंत्री माननीय श्री लाखन पटेल जी का आगमन हुआ, कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा जी द्वारा माननीय मंत्री जी का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया। सर्वप्रथम माननीय पशुपालन मंत्री जी द्वारा राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तत्पश्चात उन्होंने विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण किया। माननीय मंत्री जी द्वारा विश्वविद्यालय स्थित कुकुट विभाग, पंचगव्य उत्पाद इकाई, मिनरल मिक्सचर यूनिट, तथा डेयरी का निरिक्षण किया। जहां उन्होंने कड़कनाथ ब्रिड को बढ़ावा देने की बात कही जिससे कृषकों, ग्रामीण को इसका फायदा मिल सके तथा बिड् को अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी पहचान मिल सके। पंचगव्य के उत्पाद देखकर मंत्री जी ने कहा कि हर जिले में एक ऐसा स्थान चयनित कर बनाया जाना चाहिए जहां पर की पंचगव्य से निर्मित उत्पादों को रखा जा सके जिसे आम जनता तक पहुंचने में सुविधा हो तथा जो लोग उत्पाद निर्माण इकाई चला रहे हैं उन्हें आमदनी हो सके। उन्होंने बताया कि हीफर गाय को किसानों को वितरण करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। साथ ही बड़ी उम्र की गाय को रखने के लिए गौशाला में भेजने का प्रबंध किया जा रहा है। उन्होंने देसी

गायों को बढ़ावा देना है इस बात पर जोर डाला। डेरी में एंब्रियो ट्रांसफर टेक्नोलॉजी (ETT)का उपयोग देसी साहिवाल नस्लो पर देख खुशी व्यक्त की तथा ऐसे ही आधुनिक तकनीकों द्वारा

अन्य ब्रीड का उत्थान करने की भी बात कही।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में विश्वविद्यालय के सभागार में माननीय मंत्री जी का स्वागत विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉक्टर मनदीप शर्मा जी द्वारा अंग वस्त्र, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह द्वारा किया गया। कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी जी द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात माननीय कुलपति प्रो. मनदीप शर्मा जी द्वारा विश्वविद्यालय में चल रही गतिविधियों के बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से माननीय मंत्री जी को अवगत कराया। माननीय पशुपालन मंत्री जी ने अपने उद्बोधन तथा चर्चा के माध्यम से विश्वविद्यालय में चल रहे अनुसंधान के कार्य में और तेजी लाने हेतु प्रेरित किया तथा विश्वास दिलाया कि केंद्र सरकार

तथा राज्य सरकार पशुपालन के क्षेत्र में किसान की आय दुगनी करने हेतु हर संभव मदद करने तैयार है। उन्होंने अच्छी योजनाएं तथा परियोजनाओं के माध्यम से देसी गाय की नस्ल सुधार करने हेतु, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु कार्यों पर जोर डाला। माननीय मंत्री जी द्वारा विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का लाभ दिलाने हेतु भी बात कही साथ ही कहा कि छात्र छात्राओं का इंटर्नशिप अलाउंस को भी बढ़ने का काम आने वाले दिनों में पूर्ण किया जा सकेगा। माननीय मंत्री जी ने सभागार में उपस्थित प्राध्यापकों, वैज्ञानिकों को निर्देशित किया की किसानो की आय दुगनी करने पशुपालन ही एक उत्तम विकल्प है जिसके लिए वैज्ञानिकों को पशुधन एवं पशुपालकों के उत्थान हेतु और बेहतर कार्य करने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में किसान संघ के संगठन मंत्री श्री भरत जी, श्री लोकेंद्र पटेल जी, कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी, वित्त नियंत्रक श्री महेश कोरी, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. एस.एस. तोमर संचालक

अनुसंधान डॉ. जी.पी. लखानी, अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज डॉ. आर.के. शर्मा, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. सुनील नायक, संचालक शिक्षण डॉ. मधु स्वामी, अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डॉ. महाजन, संपदा अधिकारी डॉ. कारमोरे, संचालक पत्रोपाधि डॉ. राय, डॉ. एस. घोष, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सिंह, संचालक बायोटेक्नोलॉजी डॉ. मोहन सिंह, डॉ. राखी वैश्य, डॉ. गर्ग, डॉ. वैशाली खरे, डॉ. रामकिंकर मिश्र, निधि भलावी सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सोना दुबे आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. पूनम शाक्य के द्वारा किया गया तथा आभार ज्ञापन डॉ. रामकिंकर मिश्रा द्वारा प्रेषित किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर